राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

राज्यपाल की सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर, 19 मई । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पृथ्वीराज चौहान जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री मिश्र ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान देश की एकता एवं अखण्ड़ता की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शिरोमणी सम्राट थे।

राज्यपाल ने कहा है कि पृथ्वीराज चौहान भारत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण नाम है। यह क्षत्रिय महारथी जितने परमवीर थे, उतने ही दयालु और क्षमाशील थे। श्री मिश्र ने कहा कि नई पीढ़ी को उनके गुणों को अनुशीलन करना चाहिए।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल